**Ist Language - Hindi**

**STRUCTURE OF QUESTION PAPER**

**PART-A-(60 Marks)**

अर्थग्राहयता

प्रतिक्रिया - **(20 Marks)**

I. (अ) पठित गद्यांश (उपवाचक) (5X1=5)

प्रश्न सं- 1,2,3,4,5

(आ) पठित पद्यांश (संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।) (1X5=5)

प्रश्न सं -6,7

(इ) अपठित गद्यांश (5X2=10)

(प्रश्न - उत्तर / प्रश्न बनाना)

प्रश्न सं- 8,9,10,11,12

ई. अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता

II. लघु प्रश्न - **(16 Marks)**

A. पद्य भाग - चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । एक प्रश्न कवि परिचय से संबंधित होगा। (2X4=8)

प्रशन सं- 13,14,15,16

B. गद्य भाग - चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। एक प्रश्न लेखक परिचय से संबंधित होगा। (2X4=8)

प्रश्न सं- 17,18,19,20

उ. निबंधात्मक प्रश्न - **(16 Marks)**

C. पद्य भाग - तीन प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (2X4=8)

प्रश्न सं - 21,22,23

D.गद्य भाग - तीन प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (2X4=8)

प्रश्न सं- 24,25,26

ऊ. सृजनात्मक अभिव्यक्ति- **(8 Marks)** (1X8=8)

E.सृजनात्मक : विधाओं से संबंधित तीन प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।

प्रश्न सं-27,28,29

**PART-B - (20 Marks)**

शब्द भंडार - शब्द भंडार से संबंधित 8 बहुविकल्पीय प्रश्न, 2 वाक्य प्रयोग - (10X1=10)

व्याकरणांश - व्याकरण से संबंधित 10 बहुविकल्पीय प्रश्न - (10X1=10)

....

**01H /02H(A)**

# HINDI

(First Language)
{Part A & B)

Time : 2 hours, 45 minutes (Maximum Marks-80)

Instructions :-
1. Read and under stand the question paper.
2. Answer the questions under Part 'A' on a seperate answer book.
3. Write the answers to the questions under Part-B on the questions paper itself and attach it to the answer book of Part-A

---

## PART-A

**Time : 2 hours 45 minutes** **(Marks:60)**

**I.**(अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए। पूछे गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। (5X1=5)

महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। जैसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बड़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिल्कुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ? घमंड ने उसका नाम-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं। अभिमान किया और दीन - दुनिया दोनों से गये।

प्रश्न :-

1..प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

2..परीक्षा में महत्वपूर्ण किसे कहा गया है?

3.चक्रवर्ती सम्राट किसे कहा जाता है?

4.अभिमान के बारे में गद्यांश में क्या कहा गया है?

5.गद्यांश से क्या सीख मिलती है?

(आ) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (1X5=5)

6. लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था।
पाठिका थी वह धुँधते प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की।

7. भारत हमारा कैसा सुंदर सुहा रहा है
शुचि भाल पै हिमाचल, चरणों पै सिंधु-अंचल
उर पर विशाल-सरिता-सित-हीर-हार-चंचल
मणि-बद्धनील-नभ का विस्तीर्ण-पट अचंचल
सारा सुदृश्य-वैभव मन को लुभा रहा है।
भारत हमारा कैसा सुंदर सुहा रहा है।।

इ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और पाँच प्रश्न बनाइए। (5X2=10)

व्यक्ति और समाज का आपस में गहरा संबंध है। व्यक्तियों के समूह से ही समाज बनता है। व्यक्ति और समाज दोनों एक दूसरे के परिचायक हैं। व्यक्ति के समाज के प्रति अनेक कर्त्तव्य हैं। उसे समाज के नियमों का पालन करना पड़ता है। व्यक्ति का यह कर्त्तव्य है कि वह कोई भी काम ऐसा न करे जिससे समाज की व्यवस्था में बाधा पड़े। व्यक्ति का निर्माण समाज का निर्माण है। व्यक्ति कारण है तो समाज कार्य है। अतः जिस समाज में रहने वाले व्यक्ति जितने सभ्य होंगे, वह समाज उतना ही सभ्य माना जायेगा। उत्तम नागरिक वही है जो कर्त्तव्यों का तत्परता से पालन करे और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखे। व्यक्ति को अपनी अपेक्षा समाज को प्राथमिकता देनी चाहिए।

[(प्रश्न संख्या - 8, 9, 10, 11,12 के लिए प्रश्न बनाइए।]

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए। (2X4=8)

13. रामभक्ति परंपरा के प्रमुख कवि तुलसीदास जी का जीवन परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

14. किसी भी कार्य को करने से लिए पहले योजना बना लेनी चाहिए। क्यों? 'बाट की पहचान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

15. 'कवित्त' के आधार पर वसंत ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

16. सुख-दुख दोनों में समान रूप से जीना ही सच्चा जीवन है। पृष्टि कीजिए।

**III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए।** (2X4=8)

17. हालदार साहब का चरित्र-चित्रण कीजिए।

18. लेखक स्वयं प्रकाश का साहित्यिक परिचय लिखिए।

19. बच्चों को खेलने की मूलभूत सुविधाएँ देना क्यों आवश्यक है?

20. 'एक कहानी यह भी' की लेखिका ने अपने पिताजी को क्रोधी और अहंवादी क्यों कहा होगा?

**इ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।** (1X8=8)

21. बेटी को आत्मविश्वासी बनाने में माँ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। 'कन्यादान' कविता के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

22. कवि ने भारत को 'सुंदर' कहा है। हम अपने देश की सुंदरता को बनाये रखने के लिए क्या कर सकते हैं?

23. कवि लक्ष्य निर्धारित करने से पहले उस तक पहुँचने का मार्ग चुनने का आग्रह क्यों कर रहे होंगे?

**ई. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।** (1X8=8)

24. कमज़ोरी को चुनौती के रूप में लेकर लक्ष्य की ओर पहुँचने का प्रयास करनेवाले ही जीवन में सफल होते हैं। 'सफलता की चुनौतियाँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

25. खेलने के स्थानों का सीमित होना चिंता का विषय है। क्यों?

26. किन गुणों के आधार पर व्यक्ति को सच्चा देशभक्त माना जा सकता है? 'नेताजी का चश्मा' पाठ को दृष्टि में रखकर इस वाक्य को स्पष्ट कीजिए।

**उ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** (1X8=8)

27. 'आधुनिक महिला और समाज में उसकी स्थिति' विषय पर निबंध लिखिए।

28. वर्षा के दिन की अपनी एक दिन की दिनचर्या को डायरी लेखन के रूप में लिखिए।

29. अपने मोहल्ले में कूड़ा-करकट की सफाई के लिए नगर-निगम अधिकारी के नाम पत्र लिखिए।

.....

**01H /02H (B)**

**HINDI**
**First Language**
**Part A & B**

**Time : 30 minutes.** **Marks : 20**

Instructions :

1. Answer all the questions in this part on the question paper itself and attach it to the answer book let 'Part A'
2. Candidates must use CAPITAL LETTERS (A,B,C, or D) while answering the MCQs

---

**PART-B**

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।

(18X1=18)

1. तू रूप है किरण में, सौंदय है <u>सुमन</u> में। ( )
   (रेखांकित शब्द का समानार्थी पहचानिए)
   (A)चाँद (B)सूर्य (C)नक्षत्र (D)पुष्प
2. आज कक्षा में महेश उपस्थित था किंतु उसका मित्र नरेश _____ था। ( )
   (रिक्त स्थान के लिए रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।)
   (A)अनापस्थित (B)नाउपथित (C)अनुपस्थित (D)नुपस्थित
3. दिनकर जी ने महत्वपूर्ण <u>पदों</u> पर कार्य किया। ( )
   (रेखांकित शब्द के भिन्नार्थ पहचानिए)
   (A)शब्द, पाठ (B)आहदा, शब्द (C)दिल-भेद (D)कदम भेद
4. कांतम ने —— किया। रिक्त स्थान के लिए सही वर्तनीयुक्त शब्द पहचानिए। ( )
   (A)प्रतयुत्तर (B)प्रतिउत्तर (C)प्रत्यूतर (D)प्रत्युत्तर
5. मंच पर <u>उदालत</u> का दृश्य था। (रेखांकित शब्द है - ) ( )
   (A)तटसम (B)तद्भव (C)देशत्त (D)विदेशी
6. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए। ( )
   (A)सूर्य (B)चन्द्रमा (C)तारा (D)पृथ्वी
7. हमें प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए। (रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए। ( )
   (A)स (B)सम् (C)सर (D) क्ष

8. शादी की तिथि निश्चित ______ । ( )

(वाक्य की पूर्ति के लिए सही विकल्प पहचानिए)

(A)हो गयी (B)हो गये (C)होगया (D)होगा

9. बचपन सभी को अच्छा लगता है। ( )

(व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है?)

(A)सर्वनाम (B)क्रिया (C)संज्ञा (D)विशेषण

10. मैंने ही प्रश्न का उत्तर दिया। ( )

(निपात पहचानिए)

(A)मैंने (B)ही (C)प्रश्न (D)का

11. ताजमहल संसार की सुंदर इमारत है। ( )

(व्यक्ति वाचक संज्ञा पहचानिए)

(A)ताजमहल (B)ससार (C)सुंदर (D)इमारत

12. मैं रोज सुबह चाय पीता हूँ। ( )

(वाक्य को नकारात्मक में लिखने के लिए यह लिखा जाएगा)

(A)न (B)मत (C)मना (D)नहीं

13. कमला सुंदर गीत गाती है। ( )

(यह वाक्य है --)

(A)मिश्र (B)सरल (C)संयुक्त (D)संयुक्त-मिश्र

14. अध्यापक ने पाठ पढ़ाया। ( )

(काल पहचानिए)

(A)भूत (B)भविष्य (C)वर्तमान (D)सामान्य

15. चोर को हथकड़ी पहनायी गयी। ( )

(रेखांकित शब्द का सही विग्रह पहचानिए)

(A)हाथ से कड़ी (B)हाथ की कड़ी (C)हाथ और कड़ी (D)हाथीं के लिए कड़ी

16. विद्यार्थी मैदान __________ खेलते हैं। ( )

(रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त कारक पहचानिए)

(A)से (B)में (C)को (D)ने

17. लड़का धीरे-धीरे चल रहा था। ( )

(वाक्य में रेखाकित शब्द)

(A)क्रिया (B)संबंध बोधक (C)समुच्चय बोध (D)क्रिया विशेषण

18. जब अध्यापक कक्षा में आये ------- सारे छात्र खड़े हो गये। ( )

(रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द पहचानिए)

(A)लेकिन (B)परंतु (C)तो (D)तथापि

II. निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2X1=2)

19. संतोष : -----------------------------------------------------

20. विश्वास : -----------------------------------------------------

.....